Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
फतेहपुर–212601

पत्रांक : 712 / M-7 / 38

सेवा में, दिनांक : 27-04-2026

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण के ई–संस्करण में प्रकाशित शीर्षक "मलवां में जल जीवन मिशन से पेयजल आपूर्ति ठप : बड़ाहार गांव में योजना 7 महीने से अधूरी, ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण के ई–संस्करण मे प्रकाशित शीर्षक **"मलवां में जल जीवन मिशन से पेयजल आपूर्ति ठप : बड़ाहार गांव में योजना 7 महीने से अधूरी, ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर"** की कतरन इस खण्ड में प्राप्त हुई है के सन्दर्भ मे अवगत कराना है कि विकास खण्ड–मलवा अन्तर्गत बड़ाहार पाइप पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 पावरमेक–भूरथनम (जे0वी0), जनपद यूनिट–फतेहपुर द्वारा कार्य कराया गया है। वर्तमान में योजना पर ओ0एच0टी, बाउण्ड्रीवाल, पम्प हाउस, पम्प लोअरिंग, सोलर वर्क पूर्ण, वितरण प्रणाली लक्ष्य 16501 मी0 के सापेक्ष 8000 मी0 व गृह जल संयोजन लक्ष्य 698 नग के सापेक्ष 546 नग पूर्ण है। योजना पर मोटर में योत्रिक खराबी आने के कारण जलापूर्ति बाधित है। शीघ्र ही मोटर मरम्मत कराकर सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
**अधिशासी अभियन्ता**

राज्य-शहर
IPL 2026
चुनाव 2026
भास्कर खास
DB ओरिजिनल
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
जॉब - एजुकेशन
बिजनेस

# मलवां में जल जीवन मिशन से पेयजल आपूर्ति ठप: बड़ाहार गांव में योजना 7 महीने से अधूरी, ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर

शिव सागर सिंह | मलवां(फतेहपुर ),
फतेहपुर
3 दिन पहले

